**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–09.02.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को देंगे सफलता का मंत्र, कार्यक्रम को लेकर राज्यभर में उत्साह।**
2. **बीएयू में आयोजित एग्रोटेक किसान मेले में दूसरे दिन महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन, पशु पक्षी प्रदर्शनी में विजेता किसान हुए पुरस्कृत।**
3. **रांची समेत राज्य के चौदह जिलों में कल से चलाया जाएगा फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान, 25 फरवरी तक खिलायी जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा।**
4. **रांची के होटवार में कल से 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे उदघाटन।**
5. **रांची कोल इंडिया मैराथन में देशभर के धावकों ने लिया हिस्सा, अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम ने धावकों का बढ़ाया उत्साह, विजेता पुरस्कृत।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और सफलता के मंत्र साझा करेंगे। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित किया जायेगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया है कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासकर विद्यार्थियों में उत्सुकता बनी हुई है। अधिक से अधिक विद्यार्थी इस कार्यक्रम से जुड़ सकें, इसके लिए विभिन्न जिलों में व्यापक स्तर पर तैयारी की गयी है। झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद दिव्येंदु तिग्गा ने इस कार्यक्रम को लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक इस कार्यक्रम के साथ जुड़ेंगे। उधर उपराजधानी दुमका में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।
यह कार्यक्रम स्कूली विद्यार्थियों के बीच काफ़ी लोकप्रिय है। खासकर, परीक्षार्थियों के लिए यह कार्यक्रम जोश और ऊर्जा भरने वाला साबित हो रहा है।

*******************

रांची के कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले मे दूसरे दिन आज महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पशु पक्षी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मेले का समापन कल होगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल होंगे।

*******************

रांची समेत राज्य के 14 जिलों पाकुड़, कोडरमा, सिमडेगा, गुमला, साहिबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ और लोहरदगा में कल से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पाकुड़, कोडरमा और सिमडेगा में आइडीए के तहत तीन प्रकार की दवा एल्बेंडाजोल, डीईसी के साथ आइवरमेक्टिन खिलायी जाएगी, जबकि रांची, गुमला, साहिबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ तथा लोहरदगा में सिर्फ एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलायी जाएगी। गौरतलब है कि वर्ष 2027 तक केन्द्र सरकार ने फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है।

*******************

राजधानी रांची के होटवार स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कल से पंद्रह फरवरी तक 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पुलिस ड्यूटी मीट का उदघाटन करेंगे, जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। आयोजन समिति के सचिव अपराध अनुसंधान विभाग के महानिरीक्षक असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में देशभर के अठारह राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों और अर्द्ध सैनिक संगठनों की आठ टीमें हिस्सा लेंगी।

******************

रांची में आज कोल इंडिया मैराथन का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर के धावकों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ चार श्रेणियों में आयोजित हुई। इस दौरान शीर्ष दस विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपियन एमसी मैरीकॉम ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की बेहद खुशी होनी चाहिए कि हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसे क्रियाकलापों मे गहरी दिलचस्पी रखते हैं और इसे प्रमोट करने की भरसक कोशिश भी करते हैं। इस दौरान सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार ने कहा कि रांची में सीसीएल के इस तीसरे मैराथन का सफल होना बड़े और भव्य आयोजन के लिए प्रेरित करता है।

******************

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड की महिला लेजर रन टीम की तिकड़ी तनु कुमारी, शोभा महतो और अनु कुमारी ने आज रजत पदक पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही झारखंड के खाते में 21 पदक हो गये हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने बधाई दी है।

******************

दुमका में आयोजित 18वीं झारखण्ड राज्य सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब बोकारो की टीम ने जीत लिया है। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बोकारो ने कोडरमा को एक अंक से पराजित किया। वहीं धनबाद और पाकुड़ की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। विजेता टीमों को दुमका के सांसद नलिन सोरेन ने पुरस्कृत किया।

******************

बुनकरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धनबाद में चौदह दिवसीय हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया गया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल प्रयागराज महाकुंभ में गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर तीन अमृत स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है।

**************